# स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ,राजस्थान

**PROVINCIAL ASSOCIATION OF PRIVATE EDUCATIONAL INSTITUTIONS**

वैदिक कन्या महाविद्यालय,राजापार्क, जयपुर–302004 फोनः– 0141–2622055

email: swayamsevirajasthan@gmail.com

क्रमांक : स.से.शि.सं.सं.रा./ /2014 दिनांक : 26.11.2014

**महोदय/ महोदया**

राजस्थान की निजी शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं पर विचार करने के लिए संघ की प्रान्तीय बैठक संघ के उपाध्यक्ष आचार्य लोकेन्द्र शर्मा के संयोजकत्व में 30 नवम्बर को सायं 5 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में प्रान्तव्यापी संघर्ष की रणनीति तैयार होगी।

राजस्थान माध्यमिक बोर्ड सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए गत कांग्रेस सरकार ने कमेटी गठित की थी और लिखित में प्रस्ताव पारित कर के जारी कर दिये थे परन्तु उनका क्रियान्वयन आज तक नहीं हुआ।

शिक्षण संस्थाओं का फीस निर्धारण सम्बन्धी विवाद जारी है। समिति ने उन 17 हजार संस्थाओं की फीस निर्धारित कर दी है जिनकी वार्षिक फीस 10 हजार रूपये से कम है। दिनांक 24 दिसम्बर को राजस्थान उच्च न्यायालय में इस सम्बन्ध में बहस हुई और न्यायाधीश रस्तोगी ने कहा कि 2 साल में आप दो सौ संस्थाओं की फीस तय नहीं कर पाये और गत 2–3 मास में समिति ने 17 हजार संस्थाओं की फीस निर्धारित कर दी। न्यायाधीश ने पूछा कि फीस निर्धारित करने का मापदण्ड (क्राइटेरिया) क्या है वह कोर्ट में प्रस्तुत किया जाये।

---

**स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ की प्रान्तीय बैठक गौतम आश्रम, स्टेशन के पास**

**सवाई माधोपुर में 30 नवम्बर को सायं 5 बजे**

**सवाई माधोपुर की समस्त शिक्षण संस्थाओं का विशाल सम्मेलन 1 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे**

---

मैंने समिति के अध्यक्ष श्री शिवकुमार शर्मा को पत्र लिख कर इस तथ्य से अवगत कराया कि शिक्षण संस्थाएं जो फीस 14–15 में वसूल कर रही हैं उसे आधार माना जाए और आगामी 3 वर्षों में प्रतिवर्ष 25 प्रतिशत फीस वृद्धि की अनुमति दी जाए अन्यथा संस्थाओं को प्रान्तव्यापी आन्दोलन करने के लिए बाध्य होना पडेगा। अभी निर्धारित फीस पोर्टल पर नहीं आई है। पोर्टल पर फीस आने के बाद यदि हमारी मांग के विरूद्ध कम फीस निर्धारित की गई तो प्रान्तव्यापी आन्दोलन अनिवार्य हो जायेगा। बैठक में शिक्षण संस्थाओं के मांग पत्र पर भी विचार होगा।

संविधान की धारा 21 (1) के अन्तर्गत निःशुल्क शिक्षा देना सरकार का अनिवार्य दायित्व है जिसमें गैर सरकारी संस्थाएं सहयोग दे रही है। इन संस्थाओं में शोषित, दलित और वंचित वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं जिनके लिए नाममात्र की फीस देना भी मुश्किल होता है अतः हमारी मांग है कि इन संस्थाओं में पढ़ने वाले छात्रों–छात्राओं की फीस सरकार दे क्यों कि निजी शिक्षण संस्थाएं भवन, बिजली, पानी, फर्नीचर पर अरबों रूपया खर्च कर रही है।

हमारी यह भी मांग है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाली संस्थाओं के शिक्षकों को नरेगा के मजदूरों से भी कम वेतन मिलता है अतः उनके वेतन के लिए सरकार शिक्षा बजट का 20 प्रतिशत दे।

शिक्षा किसी भी प्रान्त पहली आवश्यकता है अतः करोड़ों बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए जनक्रान्ति की आवश्यकता है और जनक्रान्ति बिना लोकशक्ति हो नहीं सकती।

अतः आपसे आग्रह है कि आप इस ऐतिहासिक एवं क्रान्तिकारी सम्मेलन में अवश्य भाग लें। आचार्य लोकेन्द्र शर्मा ने आवास और भोजन की समुचित व्यवस्था की है।

सधन्यवाद!

सत्यव्रत सामवेदी
अध्यक्ष

**पुनश्च–** सवाई माधोपुर विश्व का महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है। देश विदेश से हजारों यात्री सवाई माधोपुर में टाईगर संचुरी, गणेश जी का मंदिर, शिवलिंग मंदिर, ऐतिहासिक रणथम्भोर किला देखने आते हैं। अतः इन स्थलों को यदि आप देखना चाहते हैं तो 30 नवम्बर को दिन में पहुंचने का प्रयास करें।

सत्यव्रत सामवेदी
अध्यक्ष